Check Point Threat Extraction secured this document Get Original

आज़ादी का अमृत महोत्सव

DIC GC Since 1961

निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम
DEPOSIT INSURANCE AND CREDIT GUARANTEE CORPORATION
भारतीय रिज़र्व बैंक के संपूर्ण स्वामित्व वाली सहयोगी (Wholly owned subsidiary of the Reserve Bank of India)
www.dicgc.org.in

Azadi Ka Amrit Mahotsav

**केंका डीआईसीजी. सीओएमएम. सं. 5680/02-01-001/2023-2024** **जुलाई 12, 2023**

डीआईसीजीसी द्वारा पंजीकृत सभी बीमित बैंक

महोदया/महोदय,

**बीमाकृत बैंकों द्वारा डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड का प्रदर्शन**

जैसा कि आप जानते हैं, जमा बीमा विशेष रूप से छोटे जमाकर्ताओं की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, बैंकिंग प्रणाली में विश्वास पैदा करता है और वित्तीय स्थिरता बनाए रखता है। वर्तमान में, डीआईसीजीसी समान अधिकार और क्षमता में एक बैंक के प्रति जमाकर्ता ₹ 5 लाख तक की जमा राशि का बीमा करता है । डीआईसीजीसी समय-समय पर अपनी वेबसाइट के माध्यम से जमा बीमा पर जन जागरूकता को बढ़ावा देता रहा है और बीमित बैंकों के परिसरों में मुद्रित सामग्रियों का प्रदर्शन करता रहा है। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपने वित्तीय साक्षरता अभियानों के माध्यम से जमा बीमा संबंधी जागरूकता भी प्रसारित की जा रही है।

2. जमा बीमा के बारे में संकेंद्रित और सतत तरीके से जागरूकता बढ़ाने की दृष्टि से और भारतीय रिज़र्व बैंक के परामर्श से, यह निर्णय लिया गया है कि डीआईसीजीसी के साथ पंजीकृत सभी बैंक अब से डीआईसीजीसी वेबसाइट से जुड़े क्यूआर कोड और डीआईसीजीसी लोगो को अपनी वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर प्रमुखता से प्रदर्शित करेंगे। यह ग्राहकों को डीआईसीजीसी की जमा बीमा योजना द्वारा कवर किए गए बैंकों को आसानी से पहचानने में समर्थ बनाएगा और जमा बीमा संबंधित जानकारी समय पर प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करेगा।

3. अतः बीमित बैंकों को सूचित किया जाता है कि वे संबंधित बैंक की वेबसाइट और इंटरनेट बैंकिंग पोर्टल पर संलग्न डीआईसीजीसी लोगो और क्यूआर कोड, अनुशीर्षक सहित प्रदर्शित करें।

4. सभी बीमित बैंकों को सूचित किया जाता है कि वे 01 सितंबर, 2023 से उपरोक्त आवश्यकताओं का अनुपालन सुनिश्चित करें।

5. कृपया पत्र प्राप्ति की सूचना दें ।

**भवदीय,**

अनूप कुमार

**(अनूप कुमार)**
**मुख्य महाप्रबंधक**

अनु: यथोक्त

**अनुलग्नक**

**निम्नलिखित डीआईसीजीसी लोगो बैंक की वेबसाइट / नेट बैंकिंग पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए।**

**[... (बैंक का नाम) ... डीआईसीजीसी द्वारा पंजीकृत है)**

**(https://www.dicgc.org.in)**

**निम्नलिखित क्यूआर कोड बैंक की वेबसाइट / नेट बैंकिंग पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाए।**

**(डीआईसीजीसी वेबसाइट)**